# पृथ्वीराज नगर की कॉलोनियों में घटिया डामर सड़क बिछा रहे इंजीनियर-ठेकेदार, जे.डी.ए. प्रशासन मौन!

## सड़क की गुणवत्ता इतनी घटिया है कि मात्र हाथ लगाने से ही डामर की परत उतर रही है



-कार्यालय संवाददाता-

**जयपुर।** जयपुर विकास प्राधिकरण के इंजीनियर्स की अनदेखी और मेहरबानी के चलते ठेकेदार इन दिनों शहर में घटिया सड़कें बनाने में लगे हैं। इसकी ताजा बानगी पृथ्वीराज नगर दक्षिण क्षेत्र की कॉलोनियों मांग्यावास, वास्तुश्रीनगर, राधा निकुंज और पत्रकार कॉलोनी में देखने को मिल रही है। सड़क इतनी घटिया है कि हाथ लगाने से ही उखड़कर सामने आ रही है। स्थानीय लोगों ने इसका वीडियो बनाकर भी सोशल मीडिया पर साझा किया है।

सूत्रों की मानें तो जयपुर विकास प्राधिकरण ने पृथ्वीराज नगर दक्षिण की कॉलोनियों मांग्यावास, वास्तुश्रीनगर, राधा निकुंज, समेत पत्रकार कालोनी में सीवर लाइन डालने और सड़क की मरम्मत के लिए 100 करोड़ रुपए मंजूर किए हैं। जेडीए ने पत्रकार कॉलोनी को छोड़कर पीआरएन दक्षिण की कॉलोनियों में सीवर लाइन डाल दी है। अब रोड कट को सुधारने के लिए सड़क पर डामर बिछाई जा रही है। डामर बिछाने के बाद हालत यह है कि डामर हाथ से ही उखड़ रही है। स्थानीय निवासी सवेरे जब मार्निंग वॉक पर निकलते है तो डामर महज पैर लगने से ही उखड़ रही है।

■ मांग्यावास क्षेत्र के लोगों ने इस घटिया सड़क का वीडियो बनाकर भी सोशल मीडिया पर साझा किया है

स्थानीय निवासी रामकिशोर ने बताया कि उन्होंने जब डामर की मजबूती चैक करने के लिए इसे हाथ से उखाड़ने का प्रयास किया तो परत की परत उखड़ने लगी। मांग्यावास निवासी अनिल शर्मा ने बताया कि डामर बिछाने से पहले बिछाई गई जीएसबी-डब्लूएमएम की भी स्थिति भी ऐसी ही है। सड़क में रोडी कंक्रीट भी पूरी नहीं डाली गई।

बताया जा रहा है कि सीवर लाइन का रोड कट करने के बाद जयपुर विकास प्राधिकरण के इंजीनियर्स ने मरम्मत के नाम पर नियमों का तो मखौल बनाया ही, साथ में मामूली 10 एमएम की परत चढ़ाकर अपने काम की इतिश्री कर ली।

जबकि नियमानुसार जीएसबी और डब्लूएमएम करने के बाद डीबीएम यानी डेंस बिटुमिनस मैकडैम करनी होती है। डीबीएम को आम तौर पर आधार या बाइंडर कोर्स के रूप में उपयोग किया जाता है, जो सड़क सतह के लिए नींव का काम करता है। इसके बाद बिटुमिन कंक्रीट की परत चढ़ती है। बताया जा रहा है कि रोड कट की मरम्मत के नाम पर अधिकतर जगहों पर डीबीएम किए बिना ही सीधे बिटुमिन कंक्रीट डाल दी गई, इससे सड़क बनाने वाले ठेकेदार को डामर की खासी बचत हो गई।

स्थानीय निवासी जब जलदाय विभाग के इंजीनियर्स को फोन लगाते हैं तो वहां से कोई जवाब नहीं मिल रहा। जब सहायक अभियंता राजीव बंसल से पूछा गया तो उन्होंने जेडीए द्वारा काम किए जाने की बात से ही मना कर दिया, उनका कहना था कि यहां नगर निगम ग्रेटर ने काम किया है।

इस प्रकरण में जयपुर विकास प्राधिकरण के अधीक्षण अभियंता विनोद कृष्णैया का कहना है कि अगर घटिया सड़क निर्माण हुआ है तो इसकी जांच करवायी जायेगी। अभी तक सड़क बनाने वाली फर्म का भुगता नहीं किया गया है। सार्वजनिक निर्माण विभाग (पीडब्ल्यूडी) के रिटायर्ड चीफ इंजीनियर से थर्ड पार्टी जांच करवाने के बाद ही भुगतान किया जाता है। मैं इस मामले को दिखवाता हूं।

## 'पी.पी.पी. मोड पर संचालित नहीं होगा आयुष्मान टॉवर

**जयपुर।** चिकित्सा एवं स्वास्थ्य मंत्री गजेन्द्र सिंह खींवसर ने कहा है कि राज्य सरकार आमजन को सुगमतापूर्वक स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध करवाने के लिए प्रतिबद्धता के साथ काम कर रही है। इसी दिशा में स्वास्थ्य सेवाओं के सुदृढ़ीकरण के लिए एसएमएस अस्पताल परिसर में निर्माणाधीन इंस्टीट्यूट ऑफ कार्डियो वैस्कुलर साइंसेज (कार्डियक टॉवर) का कार्य आगामी 6 माह में पूरा होना संभावित है। साथ ही, निर्माणाधीन आयुष्मान टॉवर का कार्य पूर्ण होने में एक साल या इससे अधिक समय लगने की संभावना है।

चिकित्सा मंत्री ने कहा कि कार्डियक एवं आयुष्मान टॉवर में आमजन को बेहतर सुविधाएं उपलब्ध करवाने की दृष्टि से विशेषज्ञता आधारित कुछ चुनिंदा सेवाएं यथा - फ़ूड कोर्ट, हाउस कीपिंग, हेलीकॉप्टर एम्बुलेंस, कुछ विशिष्ट जांचें, मरीज़ों का पंजीयन, भवन रख-रखाव आदि सेवाएं दक्ष सेवा प्रदाता के माध्यम से ली जाना प्रस्तावित है। उन्होंने स्पष्ट किया कि आयुष्मान टावर को पीपीपी मोड पर दिए जाने का

■ हैलीकॉप्टर, फूड कोर्ट जैसी चिन्हित सेवाएं ली जाएंगी दक्ष सेवा प्रदाता से

■ कार्डियक टॉवर का कार्य 6 माह में पूरा होना संभावित:मंत्री गजेन्द्र सिंह खींवसर

कोई प्रस्ताव विचाराधीन नहीं है। कार्डियक एवं आयुष्मान टॉवर दोनों ही भवनों में चिकित्सा सुविधाएं एसएमएस अस्पताल के चिकित्सा शिक्षकों द्वारा ही प्रदान की जाएंगी।

चिकित्सा मंत्री ने कहा कि वर्ष 2024-25 की बजट घोषणा अनुसार एसएमएस एवं अन्य बड़े अस्पतालों में डायग्नोस्टिक सुविधाओं को पीपीपी मोड पर शुरू किया जाना प्रस्तावित है। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार आयुष्मान टॉवर की प्लानिंग में रही कमियों को दूर कर इसे बेहतर योजना के साथ संचालित करने की दिशा में कार्य कर रही है।

## दो बाइक भिड़ी, युवक की मौत

**जयपुर।** कालवाड़ थाना इलाके में दो बाइक में जोरदार टक्कर हो गई। हादसे में एक बाइक सवार युवक की मौत हो गई, जबकि दूसरा घायल हो गया। पुलिस के अनुसार सरस्वती नगर निवासी वैभव जोशी बाइक लेकर घर जा रहा था इसी दौरान कालवाड़ रोड पर उसकी बाइक को दूसरी बाइक ने टक्कर मार दी। इससे वह गंभीर रुप से घायल हो गया। स्थानीय लोगों ने दोनों घायलों को अस्पताल पहुंचाया, जहां पर वैभव की मौत हो गई, जबकि दूसरी बाइक सवार युवक का उपचार जारी है। हादसा 30 नवम्बर की दोपहर का है। पुलिस ने दुर्घटनाग्रस्त बाइक्स को जब्त कर थाने पर खड़ा करवा दिया है। घटना के सम्बंध में वैभव जोशी के पिता ने मामला दर्ज करवाया है।

वहीं दूसरी ओर बस्सी में बाइक की टक्कर से वृद्धा की मौत हो गई। पुलिस के अनुसार भूवल्या की ढाणी बडौली दौसा निवासी ओम प्रकाश ने मामला दर्ज करवाया कि उसकी मां पन्नी देवी(60) छोटे भाई महेन्द्र मीणा के साथ जटवाड़ा चौकी के पास खड़े थे। इसी दौरान जयपुर की तरफ से आई एक बाइक ने पन्नी देवी को टक्कर मार दी। इससे पन्नी देवी घायल हुई। जिन्हें दौसा अस्पताल में भर्ती कराया गया। यहां उपचार के दौरान उनकी मौत हो गई। पुलिस ने बताया कि यह घटना जटवाड़ा चौकी के पास हुई। इस दौरान उसकी मां के सिर और अन्य जगहों पर गम्भीर चोट लगी। जिन्हें उनका भाई महेन्द्र मीणा सीधे दौसा अस्पताल लेकर पहुंचा जहां डॉक्टरों ने पन्नी देवी की मृत घोषित कर दिया।

## जयपुर में पार्कों के बाहर ''ऑर्गेनिक जूस कियोस्क'' लगाने की तैयारी

### ग्रेटर नगर निगम की लाइसेंस कमेटी से मंजूर किया प्रस्ताव



ग्रेटर नगर निगम की लाइसेंस समिति के चेयरमैन रमेश सैनी ने सोमवार को बैठक ली।

-कार्यालय संवाददाता-

**जयपुर।** राजधानी जयपुर के प्रमुख पार्कों जैसे जवाहर सर्किल, सिटी पार्क मानसरोवर, सेंट्रल पार्क और लैंडस्कैपिंग पार्क के बाहर "ऑर्गेनिक ग्रीन कियोस्क" लगाने की तैयारी की जा रही है। ग्रेटर नगर निगम की लाइसेंस कमेटी के चेयरमैन रमेश सैनी ने सोमवार को जब अधिकारियों की बैठक ली तो यह ग्रीन कियोस्क लगाने के निर्देश दिए।

बैठक में होटल, स्कूल, कैफे व हॉस्पिटल्स के ट्रेड लाइसेंस फीस में बढ़ोतरी का निर्णय भी लिया गया। रमेश सैनी ने कहा कि जयपुर शहर के तमाम पार्किंग स्थलों में संशोधन करके जल्द ही नीलामी प्रक्रिया शुरू की जायेगी।

■ बैठक में होटल, स्कूल, कैफे और हॉस्पिटल के ट्रेड लाइसेंस की फीस बढ़ाने का निर्णय लिया

■ जयपुर के सभी पार्किंगस्थलों में संशोधन करके जल्द नीलामी प्रक्रिया शुरू करेंगे : रमेश सैनी

समिति सदस्य कविराज सेठी ने कहा कि पान बूथ पर लगाये जाने वाले विज्ञापनों से नगर निगम कोई राजस्व नहीं मिलता है, ऐसे में तम्बाकू उत्पाद कम्पनियों को पाबन्द किया जाये और राजस्व की वसूली की जाए।

बैठक में समिति सदस्य राधेश्याम बोहरा, कविराज सेठी, गुरु कैलाश नारायण शर्मा, दीपमाला शर्मा व राजेन्द्र खरबास, समिति सचिव व राजस्व अधिकारी गीता करनानी और स्वास्थ्य अधिकारी रश्मि कांकरिया भी उपस्थित रही।

## वृद्धा के गले से चेन तोड़ी

**जयपुर।** चित्रकूट इलाके में बाइक सवार दो बदमाश एक बुजुर्ग महिला के गले पर झपट्टा मार कर सोने से जडित तुलसी की माला ले गए। यह माला करीब डेढ़ तोला सोने से बनी थी। पुलिस के अनुसार चित्रकूट निवासी 60 वर्षीय मुन्नी देवी बाजार जा रही थी। सेक्टर-6 चित्रकूट में पीछे से बाइक सवार दो बदमाश आए और उसके गले पर झपट्टा मार कर सोने से जडित तुलसी की माला ले गए।

## लिफ्ट देकर युवक से लूटपाट

**जयपुर।** सांगानेर सदर थाना इलाके में कार सवार बदमाशों ने एक युवक को लिफ्ट देकर लूट का शिकार बना डाला।

पुलिस के अनुसार आर के सिटी मोहनपुरा निवासी विक्की बैरवा ने मामला दर्ज करवाया कि वह जयपुर से घर जा रहा था। वह 12 मील पर बस का इंतजार कर रहा था इसी दौरान उसके पास एक कार आकर रुकी। उसके तीन-चार युवक बैठे थे। कार सवार युवकों ने उसे चलने को पूछा तो उसने हामी भर दी। इसके बाद वह कार में बैठ गया। कार सवार बदमाश उसे सुनसान स्थान पर ले गए और उससे मारपीट कर जेब में रखी करीब 2-3 हजार रुपए की नकदी के साथ उससे ऑनलाइन रुपए भी डलवा लिए।

जांच अधिकारी एसआई मोहरसिंह ने बताया कि एक युवक को लिफ्ट देकर लूटने का मामला सामने आया है। मामले की छानबीन की जा रही है। पीडित युवक को बुलाया है।

## हैरिटेज निगम आयुक्त ने राइजिंग राजस्थान की व्यवस्थाएं जांची

**जयपुर।** राइजिंग राजस्थान आयोजन की तैयारियों को लेकर सोमवार को हेरिटेज निगम आयुक्त अरुण कुमार हसीजा ने फील्ड का निरीक्षण किया। इस दौरान आयुक्त ने सिविल लाइन जोन में कुछ जगहों पर सफाई व्यवस्था को दुरुस्त करने के निर्देश दिए।

आयुक्त हसीजा ने खातीपुरा, हसनपुरा, एनबीसी चौराहा, चार नंबर डिस्पेंसरी, अजमेर पुलिया, जैकब रोड, एम आई रोड, अजमेरी गेट, सांगानेरी गेट, जौहरी बाजार, हवा महल, आमेर रोड जल महल तक निरीक्षण किया। इस दौरान आयुक्त निगम आयुक्त अरुण हसीजा ने मौके पर निगम अधिकारियों को सफाई व्यवस्था को लेकर दिशा निर्देश भी दिए। सफाई व्यवस्था को लेकर नगर निगम हेरिटेज आयुक्त अरुण कुमार हसीजा ने बुधवार को निगम अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक की। बैठक के बाद आयुक्त अरुण हसीजा ने सभी अधिकारियों के साथ क्षेत्र का दौरा भी किया। बैठक में आयुक्त अरुण कुमार हसीजा ने राइजिंग राजस्थान आयोजन को लेकर सभी निगम अधिकारियों को शहर की साफ सफाई से संबंधित सभी आवश्यक तैयारियां पूरी करने के निर्देश दिए। वहीं निगम की तैयारियों को लेकर आयुक्त अरुण हसीजा ने कहा कि राइजिंग राजस्थान आयोजन में देश - विदेश से आमंत्रित अतिथियों का जयपुर आना प्रस्तावित है। ऐसे में अतिथियों को शहर की भव्य सुंदर दिखें। इसके लिए निगम की ओर से लगभग तैयारियां पूरी कर ली गई है। सभी पर्यटक स्थलों पर सफाई व्यवस्था सुदृढ़ की जा चुकी है। साथ ही आयुक्त अरुण हसीजा ने सड़क की वाल पेंटिंग, सफाई व्यवस्था, रोड डिवाइडर पर पौधों की छंटाई कार्य का भी निरीक्षण किया।

## मंदिर और दो मकानों में चोरी

**जयपुर** (कासं)। शिवदासपुरा थाना इलाके में चोरों के हौसलें सातवें आसमान पर है। चोरों ने एक ही गांव में एक ही रात को एक मंदिर और दो मकानों को निशाना बना डाला। चोर मंदिर से दानपात्र और मकानों से नकदी व जेवरात ले गए। पुलिस के अनुसार घटना श्यामपुरा बुहारिया गांव की है।

घटना के सम्बंध में पदमसिंह, भरत लाल और राजेश योगी ने मामला दर्ज करवाया है। चोरों ने हनुमान मंदिर का ताला तोड़कर यहां पर रखा दानपात्र ले गए। दानपात्र में नकदी रखी थी। इसके अलावा चोरों ने शिवांगी एन्कलेव निवासी राजेश और भरतलाल के मकान का ताला तोड़कर नकदी व जेवरात ले गए। पुलिस ने मामला दर्ज कर घटना स्थल और उसके आस-पास के सीसीटीवी फुटेज खंगालना शुरू कर दिया है।

## उमंग के बच्चों ने मानव श्रृंखला बनाकर किया लोगों को जागरूक

**जयपुर।** वर्ल्ड डिसेबिलिटी डे की पूर्व संध्या पर जयपुर के सिटी पार्क, मानसरोवर में उमंग के छात्रों, स्टाफ और अभिभावकों ने जागरूकता मेले का आयोजन किया। इस मेले में कई पोस्टर लगाए गए थे, जो विभिन्न डिसेबिलिटीज के बारे में जानकारी प्रदान कर रहे थे। इसके अतिरिक्त, कई मजेदार गेम स्टॉल्स भी थे, जिनका उद्देश्य लोगों को दिव्यांगता के प्रति संवेदनशील बनाना और पोस्टरों के माध्यम से ज्ञान का संचार करना था। गौरतलब है कि वर्ल्ड डिसेबिलिटी डे, 3 दिसंबर को पूरे विश्व में मनाया जाता है। इस अवसर पर उमंग ने हर वर्ष की तरह इस दिन को जागरूकता सप्ताह के रूप में मनाया और दिव्यांगता से संबंधित ज्ञान को फैलाने के लिए विभिन्न गतिविधियां आयोजित की।

स्टूडेंट्स ने फ्लैश मॉब परफॉर्मेंस के माध्यम से लोगों का ध्यान अपनी ओर आकर्षित किया। बच्चों ने लोगों से जागरूकता मेले का हिस्सा बनने, खेलों और सिमुलेशन अनुभवों में शामिल होने तथा पुरस्कार जीतने के लिए भी आमंत्रित किया। इस दौरान बच्चों ने दिव्यांगों के अधिकारों और समावेशिता पर लिखे संदेश की तख्तियां लेकर लोगों को जागरूक किया। कार्यक्रम में सार्वजनिक प्रतिक्रिया बहुत सकारात्मक रही और बहुत से लोग अपने परिवारों के साथ इस मेले में शामिल हुए। उन्होंने छात्रों के साथ खेलों में भाग लिया और इस अनुभव से बहुत कुछ सीखा। कई लोगों ने अपनी प्रतिक्रियाएं दीं, जैसे कि यह आयोजन कितना इंटरएक्टिव था, पहले वे दिव्यांग व्यक्तियों से बात करने में हिचकिचाते थे, क्योंकि उन्हें डर था कि वे कहीं उन्हें आहत न कर दें, लेकिन इस अनुभव ने उन्हें सहज बना दिया।

## जयपुर डिस्कॉम के प्रथम शिशु पालना गृह का लोकार्पण

**जयपुर।** ऊर्जा मंत्री हीरालाल नागर ने बिजली कंपनियों के कार्मिकों को आश्वस्त करते हुए कहा है कि राज्य सरकार की बिजली कंपनियों के निजीकरण की कोई योजना नहीं है। प्रदेश की दीर्घकालिक ऊर्जा आवश्यकताओं के मद्देनजर बिजली कंपनियों ने देश के प्रमुख केन्द्रीय सार्वजनिक उपक्रमों के साथ राज्यहित में एमओयू किए हैं। उन्होंने कहा कि कार्मिकों का सहयोग लेकर ही राज्य सरकार प्रदेश के ऊर्जा क्षेत्र के कायाकल्प तथा सुदृढ़ीकरण की दिशा में आगे बढ़ रही है।

नागर सोमवार को राममंदिर स्थित ओल्ड पावर हाउस में जयपुर डिस्कॉम के प्रथम शिशु पालना घर के लोकार्पण समारोह में उपस्थित विद्युत कंपनियों के अधिकारियों तथा कर्मचारियों को संबोधित कर रहे थे। ऊर्जा मंत्री ने कहा




ऊर्जा मंत्री हीरालाल नागर ने सोमवार को राममंदिर स्थित ओल्ड पावर हाउस में जयपुर डिस्कॉम के शिशु पालना घर के लोकार्पण किया।

कि प्रदेश में सौर ऊर्जा के क्षेत्र में सर्वाधिक संभावनाएं हैं। राइजिंग राजस्थान ग्लोबल इन्वेस्टमेंट समिट के माध्यम से जो निवेश आ रहा है उसमें सर्वाधिक भागीदारी एनर्जी सेक्टर की है। ऊर्जा मंत्री ने कहा कि बिजली

■ बिजली कंपनियों के निजीकरण की कोई योजना नहीं : ऊर्जा मंत्री हीरालाल नागर

वितरण तंत्र को मजबूत करने के लिए आरडीएसएस योजना के रूप में मात्र 8 हजार करोड़ रूपए की उपलब्धता है। प्रदेश के भूभाग तथा विस्तृत डिस्ट्रीब्यूशन नेटवर्क को देखते हुए आवश्यकता इससे कई गुना अधिक है। बैंकों से इतना वित्तीय संसाधन जुटाना पहले से ही ऋणभार से दबे डिस्कॉम्स के लिए संभव नहीं है। ऐसे में प्रदेशवासियों को गुणवत्तायुक्त आपूर्ति के लिए हाइब्रिड एन्यूटी मॉडल जैसे नवाचार अपनाए जा रहे हैं। इस मॉडल पर देश में राजमार्ग भी बन रहे हैं। इनसे डिस्कॉम कार्मिकों को भ्रमित होने की आवश्यकता नहीं है। इससे पहले नागर ने 55 लाख रूपए की लागत से निर्मित शिशु पालना गृह का लोकार्पण किया। उन्होंने कहा कि इस पालना घर के निर्माण से यहां कार्यरत कर्मियों, विशेषकर महिला कार्मिकों को बड़ी सुविधा मिलेगी। बच्चों की देखभाल से निश्चिंत होकर कार्मिक अधिक मनोयोग से काम कर पाएंगे। उर्जा मंत्री ने कहा कि इस पालना घर में केयर टेकर, आंगतुक कक्ष, रसोई घर, फीडिंग रूम तथा बच्चों के पोषण हेतु आहार जैसी सुविधाएं एवं व्यवस्थाएं उपलब्ध होंगी। सिविल लाइंस विधायक गोपाल शर्मा ने पालना गृह की संचालक संस्था से आग्रह किया कि बच्चों में देश की संस्कृति एवं महापुरूषों के प्रति गौरव का भाव जागृत करें।

## मुख्यमंत्री से वार्ता के बाद सरपंचों का महापड़ाव स्थगित

**जयपुर।** खाद्य मंत्री सुमित गोदारा व केकड़ी विधायक शत्रुघ्न गौतम की मध्यस्थता से सरपंच संघ के पदाधिकारी की हुई मुख्यमंत्री से वार्ता के बाद सभी पदाधिकारी ने निर्णय लिया कि जयपुर में 6 दिसंबर को होने वाला सरपंचों का महापड़ाव 22 दिसंबर तक स्थगित किया है। मुख्य वक्ता रफीक पठान ने बताया कि सोमवार को सरपंच संघ के पदाधिकारी की जयपुर में हुई मीटिंग के बाद सरकार ने मंत्री सुमित गोदारा व केकड़ी विधायक शत्रुघ्न गौतम को सरपंच से वार्ता करने के लिए अधिकृत किया। सरपंचों ने मांग रखी कि सरकार चुनाव नहीं करवाती है तो पंचायतों में प्रशासक लगाने के बजाय सरपंचों का समय बढ़ाए।

## सार-समाचार

### सुमित्रा चौधरी 211 मतों से विजयी



**जयपुर।** ऐसोशियसन ऑफ राजस्थान को-ऑपरेटिव सब आर्डिनेट सेवा के चुनाव सोमवार को नेहरू सहकार भवन 22 गोदाम रोड में सम्पन्न हुए। निर्वाचन प्रक्रिया में कुल 329 निरीक्षकों ने भाग लिया, जिसमें सुमित्रा चौधरी को 264 मत मिले, जबकि निकटतम प्रतिद्वंदी उमा चौधरी को 53 मत मिले, अन्य प्रतियोगी प्रेमसिंह चौधरी को 9 एवं मीनाक्षी चौधरी को 3 मत मिले। सुमित्रा चौधरी ने 211 मतों से अभूतपूर्व विजय प्राप्त की। अन्य उम्मीदवार सुमेश बेनीवाल ने अपना नाम उम्मीदवारी से वापस लिया। इससे पूर्व विधिवत रूप से प्रात: 10 बजे से आमसभा प्रारम्भ की गई जिसमें सर्वसम्मति से प्रोटेम स्पीकर का चयन करने का निर्णय पारित किया गया तथा प्रोटेम स्पीकर के रूप में वरिष्ठ सदस्य टीकाराम त्रिवेदी को नियुक्त किया गया। प्रोटेम स्पीकर त्रिवेदी के आग्रह पर 3 सदस्यीय निर्वाचक मण्डल का गठन किया गया। जिसमें अल्पना विमल को मुख्य निर्वाचन अधिकारी एवं शिवली सिंह एवं दर्शना सिंह को सहायक निर्वाचन अधिकारी नियुक्त किया गया। निर्वाचन परिणाम जारी होने के उपरांत नवनिर्वाचित अध्यक्ष सुमिना ने सहकार भवन में राज्यभर से आए निरीक्षकों को संबोधित किया, जिसमें उन्होंने सरकारी निरीक्षकी के कार्यों, समस्याओं मार्गों और हित सम्वर्धन के लिए सदैव तत्पर रहने की बात कही और सभी से एकजुट रहने की अपील की।

### 217 गरीब बच्चों को स्वेटर बांटे



**जयपुर।** पेंशनर समाज उप शाखा मालवीय नगर की और से सोमवार को राजकीय उच्च प्राथमिक विद्यालय झालाना डूंगर के 110 गरीब और जरूरतमंद बच्चों को सर्दी से राहत के लिए गर्म स्वेटर वितरित किये गए। पेंशनर समाज के अध्यक्ष आरसी कटारा के सानिध्य में आयोजित स्वेटर वितरण कार्यक्रम में आर. बी. गुप्ता, विजय चंद गुप्ता, बाबू लाल गुप्ता, आर. बी. अग्रवाल, युधिष्ठिर शर्मा, ओम प्रकाश शर्मा, जुगल किशोर अग्रवाल, मोहन मित्तल, चेतन कुमार जैन, आर. के. व्यास. आदि कार्य कारिणी सदस्य उपस्थित थे। उप सचिव बाबू लाल गुप्ता ने बताया कि रविवार को भी पेंशनर समाज द्वारा परमार्थ एवं आध्यात्मिक सेवा केंद्र जयपुर में आयोजित कार्यक्रम में 100 गरीब बच्चों को गर्म स्वेटर बांटे गए।

### छात्राओं को सिखाए नेतृत्व के गुर



**जयपुर** (कासं)। एम. जी. डी. गर्ल्स स्कूल के बहुप्रतीक्षित ग्लोबल लीडरशिप प्रोग्राम लीड-आई का सोमवार 2 दिसंबर को ज़ोर-शोर से आगाज़ हुआ। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि ओलंपिक शूटर शगुन चौधरी थीं। उन्होंने अपने संबोधन में छात्राओं को पब्लिक स्पीकिंग एवं कम्युनिकेशन स्किल्स को प्रभावी बनाने के तरीक़े बताए। छात्राओं ने भी उनसे कई प्रश्न पूछे। उद्घाटन समारोह में कार्यक्रम के भागीदार जे. ई. सी. आर. सी. विश्वविद्यालय के प्रतिनिधि, मेजर जनरल के. वी. एस. लालोत्रा एवीएसएम, वाईएसएम, एसएम और बोर्ड ऑफ गवर्नस के अन्य सदस्य भी उपस्थित थे। विद्यालय प्राचार्या अर्चना एस. मनकोटिया ने कार्यक्रम एवं इसके उद्देश्यों से सभी अतिथियों को अवगत कराया। इस कार्यक्रम में कई अंतरराष्ट्रीय एवं राष्ट्रीय विद्यालयों की छात्राएँ भाग ले रही हैं, जिनमें एमीटी प्राइवेट स्कूल शारजाह, द रॉयल अकेडमी भूटान और नैनीताल, राजकोट, मोहाली, पटियाला आदि के कई स्कूल शामिल हैं। शिविर के पहले दिन की शुरुआत योग से हुई। जेईसीआरसी विश्वविद्यालय के द्वारा नेतृत्व कौशल को प्रभावी बनाने के गुर सिखाए गए। छात्राओं को राजस्थान की लोककलाएँ यथा ब्लू पॉटरी, कठपुतली, बंधेज, ब्लॉक प्रिंटिंग आदि भी सिखाई गईं। पहले दिन के दूसरे सत्र का अंत नृत्य एवं संगीत के साथ हुआ जिसमें छात्राओं ने गरबा एवं घूमर नृत्य सीखा।

### तेज रफ्तार वाहन ने महिला को कुचला

**जयपुर।** वीकेआई में रविवार शाम एक तेज रफ्तार वाहन की टक्कर से एक महिला की मौत हो गई। हादसे के बाद चालक वाहन लेकर भाग निकला। मामले की जांच दुर्घटना थाना पुलिस पश्चिम कर रही है। पुलिस के अनुसार वीकेआई रोड नम्बर 6 पर शाम करीब साढ़े 6 बजे एक तेज रफ्तार वाहन ने सड़क पार कर रही महिला को टक्कर मार दी। वाहन महिला को कुचलता हुआ आगे निकल गया। इससे महिला की मौके पर ही मौत हो गई। हिट एण्ड रन मामले में पुलिस वाहन चालक और वाहन की तलाश कर रही है। जांच अधिकारी हैडकांस्टेबल संजय पूनिया ने बताया कि महिला की उम्र करीब 35 साल है। महिला को किसी अज्ञात वाहन ने वीकेआई रोड नम्बर कुचल दिया। महिला की पहचान का प्रयास किया जा रहा है। शव को कांवटिया अस्पताल के मुर्दाघर में रखवाया है।

### बोहरा को धमकी देने वाला गिरफ्तार

**जयपुर।** पूर्व सांसद रामचरण बोहरा को जान से मारने की धमकी देने के मामले में जवाहर सर्किल थाना पुलिस ने आरोपी को दबोच लिया। आरोपी ने सांसद को ईमेल कर जान से मारने की धमकी दी थी। पुलिस के अनुसार निवर्तमान सांसद रामचरण बोहरा को उनके कार्यकाल में 10 अप्रेल को किसी ने ई मेल कर जान से मारने की धमकी दी थी। इसको लेकर सांसद के निजी सहायक अरुण शर्मा ने मामला दर्ज करवाया था। इस मामले में पुलिस ने बिहार निवासी 32 वर्षीय अरविंद कुमार कुशवाहा को अरेस्ट किया है। जांच के दौरान संदिग्ध मेल की आईपी आईडी बिहार की होना सामने आया। सम्बधिक लिंक के मोबाइल की लोकेशन व सीडीआर के आधार पर आरोपी को पकड़ने के लिए संभावित स्थानों पर दबिश दी गई। आरोपी लगातार अपनी लोकेशन बदल रहा था। पूछताछ में आरोपी ने अपने मोबाइल से ईमेल भेजना स्वीकार कर लिया। उसने बताया कि उसने मजाक में ही यह मेल भेजा था। पुलिस मामले की जांच पड़ताल में जुटी है।

### दो अंतर्राज्यीय वाहन चोर पकड़े

**जयपुर।** सीएसटी टीम और शिवदासपुरा पुलिस ने दो अंतरराज्यीय वाहन चोर पकड़े है। उनके पास से दो चोरी के चौपहिया वाहन और एक वारदात में उपयोग किए जाने वाले वाहन को जब्त किया है। आरोपियों ने मानसरोवर और शिवदासपुरा थाना इलाके में वाहन चोरी की कई वारदातें करना कबूल किया है। पुलिस के अनुसार वाहन चोरी के मामले में इमरान खान और सद्दामुद्दीन को पकड़ा है। बदमाश वाहन चोरी के बाद उनके चैचिस नम्बर बदलकर उन्हें सस्ते में बेच देते थे। गिरफ्तार इमरान खान पुत्र निजामुद्दीन खान एवं सद्दामुद्दीन पुत्र सलामुद्दीन मूलत: इलाका थाना सिटी कोतवाली बूंदी के निवासी है, जो वाहन चोरी करने के आदतन अपराधी है। आरोपियों ने पूछताछ में बताया कि लग्जरी चौपहिया वाहनों की रैकी करते है, इसके बाद चोरी के वाहनों के चैचिस नम्बर व इंजन नम्बरों को बदलकर बेच देते है। आरोपितों की सक्रिय गैंग है। उक्त आरोपित वर्ष 2023 में वाहन चोरी की वारदात में मुहाना में पकड़े गए थे। आरोपितगणों विरुद्ध वाहन चोरी एवं अन्य प्रकरणों के लगभग 2 दर्जन प्रकरण दर्ज है।